दिनांक 19 जनवरी 2021

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

सेक्टर 05 सड़क 12 में होगा डोमशेड का निर्माण, क्रास स्ट्रीट में लगेगा पेवर ब्लॉक

-वार्ड 53 व वार्ड 54 में विकास कार्य के लिए महापौर एवं विधायक श्री देवेंद्र यादव ने किया भूमिपूजन

भिलाईनगर/ जोन क्रमांक 05 के सेक्टर 05 अंतर्गत सड़क 12 में डोम शेड का निर्माण किया जाएगा, क्रास स्ट्रीट में सड़क किनारे पेवर ब्लॉक तथा सड़क 37 में चैनलिंक फैंसिंग कार्य किया जाएगा इसके लिए आज सुबह महापौर एवं भिलाईनगर विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने नागरिकों की उपस्थिति में प्रातः 9:00 बजे भूमिपूजन किया। नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र के वार्ड 53 और वार्ड 54 में 41 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों के लिए 4 अलग-अलग स्थानों पर भूमिपूजन किया गया जहां वार्ड के नागरिक शामिल हुए! कार्यक्रम के तहत महापौर श्री यादव सेक्टर 05 के निचली बस्ती में पहुंचे! मोहल्ले वासियों की मांग पर महापौर के द्वारा सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन हुआ। भिलाई निगम क्षेत्र के सेक्टर 05 अंतर्गत विकास कार्यों के लिए 4 स्थान पर कार्य की शुरुआत की गई। वार्ड के निचली बस्ती में बारिश के सीजन में जल भराव तथा आने जाने के लिए कीचड़ की समस्या रहती थी, जिसे देखते हुए वहां सीमेंटीकरण सड़क बनाया जाएगा ताकि आवागमन में सहूलियत मिल सके साथ ही वार्ड के सड़क 12 में डोम शेड बनाने की मांग थी जो आज पूरी हुई, अब यहां नागरिकों को सार्वजनिक आयोजनों के लिए बेहतर स्थल मिल जाएगा! भूमिपूजन कार्यक्रम में अंतावसायी सहकारी समिति एवं वित्त विकास निगम की उपाध्यक्ष नीता लोधी, तुलसी साहू, नीरज पॉल, सहित वार्ड के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

सड़क 37 में चैनलिंग फैंसिंग के साथ लगेंगे पेवर ब्लॉक -

जनसम्पर्क अधिकारी